विद्यालय प्रबंधन समिति बैठक की मुख्य बिंदु
कार्यवाही विवरण

स्थान - के.वि.कवर्धा   दिनांक - 19/10/2020

विद्यालय प्रबंधन समिति केन्द्रीय विद्यालय कवर्धा का प्रथम बैठक दिनांक 19.10.2020 (सोमवार) को सायं 4:00 बजे आयोजित की गई | माननीय SDM/नामित अध्यक्ष की अनुमति से कलेक्टर महोदय श्री रमेश कुमार शर्मा जी की अध्यक्षता में मनोनीत सदस्यों की उपस्थिति के साथ बैठक प्रारंभ हुई |

प्रभारी प्राचार्य महोदय श्री राजकुमार आसनानी जी द्वारा स्वयं का परिचय एवं सभी सदस्यों का परिचय कराया गया | तत्पश्चात वर्तमानिक स्तिथियों को ध्यान में रखते हुए विद्यालयीन शिक्षकों के द्वारा पुष्प गुच्छ से सभी मान्यवरों का स्वागत किया गया, साथ ही साथ बच्चों के द्वारा ऑनलाइन के माध्यम से स्वागत गीत भी प्रस्तुत किये गये |

वर्तमान के इस वैश्विक महामारी (कोरोना) जैसी भयावह आपदा से जहाँ जनजीवन अस्त व्यस्त हुआ है,वही शिक्षासन्दर्भ भी प्रभावित हुई है | जिसके बारे में प्राचार्य महोदय ने ऑनलाइन के माध्यम से हो रही पढ़ाई से भी अवगत कराया तथा पढाई के प्रति विद्यार्थियों की उत्साहपूर्ण व्यवहार को स्पष्ट किया |
विद्यालय में प्रथम आवधिक परीक्षा भी ऑनलाइन G-SUITE के माध्यम से करायी गई,साथ ही शिक्षक,अभिभावक मिलन (PTM) भी ऑनलाइन माध्यम से पूर्ण किया गया |

प्रभारी प्राचार्य महोदय श्री आर .के आसनानी जी द्वारा सभी सदस्यों को केन्द्रीय विद्यालय संगठन के विषय में परिचित कराया गया |तथा विद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया 2020-21 ,एवं अन्य विद्यालय सम्बंधित गतिविधियों के विषय से,संक्षिप्त में अवगत कराया गया |

1.पाठ्य सहगामी क्रियाकलाप जैसे- रंगोली मेकिंग,सलाद डिजायनिंग,विज्ञान सम्बंधित गतिविधियों का आयोजन भी ऑनलाइन माध्यम से किया गया | शैक्षणिक गतिविधि जैसे - एक भारत श्रेष्ठ भारत,स्वच्छता सप्ताह,हिंदी पखवाड़ा,महात्मा गाँधी की 150वीं वर्षगाठ तथा शिक्षक दिवस प्रवेशोत्सव आदि के बारे में भी पॉवर पॉइंट प्रेजेंटेशन बनाकर प्रबंधन समिति के समक्ष प्रस्तुत किये गये |

मुख्य बिन्दुओं पर विशेष चर्चा -

Agenda I

1. प्राचार्य महोदय के अनुसार यह स्पष्ट किया गया की आगामी सत्र 2021-22 में कक्षाए बढ़ेगी,जिसके लिए अतिरिक्त कमरों की आवश्यकता पड़ेगी| अतेव इस विषय पर कक्ष व्यवस्था तथा विद्यालय अतिरिक्त भवन निर्माण के विषय में जानकारी दी गई। इस परिपेक्ष्य में महोदय जी द्वारा अगले सत्र तक एक अलग कक्ष की व्यवस्था का आश्वासन दिया गया।इस आश्वाशन को सर्व सम्मति से स्वीकार किया गया |

2.केन्द्रीय विद्यालय अस्थायी रूप से करपात्री स्टेडियम में सुचारू तरीके से संचालित हो रही है |जिसके जीर्णोद्धार तथा रंग रोगन की जरुरत देखी जा रही है,इस पर चर्चा प्रभारी प्राचार्य द्वारा समिति प्रबंध के समक्ष की गई | जिस पर sdm महोदय ने अस्थाई विद्यालय भवन के रंग रोगन के मामले में यह आश्वासन दिया गया की विद्यालय आरम्भ से पहले ही इस कार्य को पूर्ण रूप दे दिया जाएगा ।

3आगे की मुख्य बिन्दुओ पर चर्चा करते हुए प्राचार्य महोदय ने बताया की केन्द्रीय विद्यालय में बालकों के लिए शौचालय की व्यवस्था में कमी है,तथा अतिरिक्त शौचालय निर्माण की आवश्यकता है जिससे विद्यालयीन बच्चो को उचित व्यवस्था प्रदाय हो सके |इस विषय के चर्चोपरांत माननीय महोदय के द्वारा यह आश्वासन दिया गया की PWD से बात करके उपरोक्त समस्या का निदान शीघ्र अतिशीघ्र करायी जाये एवं जहाँ मरम्मत की आवश्यकता हो उसे भी पूर्ण की जाए |

4.अगले बिंदु पर प्रकाश डालते हुए श्री आसनानी जी ने अवगत कराया की विद्यालय में जल व्यवस्था हेतु एक ही बोर है ,जो कि करपात्री स्टेडियम में है|अतःयह देखा गया की कई बार तार कट जाने के कारण विद्यालय में जल की आपूर्ति नहीं हो पाती है| इस समस्या के निदान हेतु महोदय जी द्वारा यह आश्वाशन को निर्देशित किया गया की विद्यालय में ही एक और बोर करवाइ जाये |जिसे पूर्ण सहमती से स्वीकार किया गया |

5.विद्युत् के परिपेक्ष्य में जानकारी देते हुए विवरण प्रस्तुत करते हुए बताया गया की विद्यालय प्रांगन के अंदर रात्रि में पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था नहीं रहती |जिससे असामाजिक तत्वों के द्वारा विद्यालय की संपत्ति को नुकसान का भय रहता है |इस विषय को ध्यान में रखते हुए SDM जी द्वारा PWD से बात करके प्रकाश की पूर्ण व्यवस्था का आश्वासन दिया गया।

6.कार्यालयीन तथा विद्यालयीन प्राथमिक शिक्षा हेतु फोटोकॉपी मशीन की ख़रीददारी के विषय पर चर्चा हुई| एवं वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए,जहाँ सभी कार्य ऑनलाइन माध्यम से संचालित हो रहे है,इसकी आवश्यकता सर्वोपरि है|इस पर समिति प्रबन्धन एवं विद्यालय संगठन पर सहमति बनी,और इस कार्य के पूर्ण होने का आश्वासन दिया गया।

उपरोक्त जानकारी सभी गणमान्य सदस्यों के समक्ष प्रस्तुत की गई |एवं निर्विघ्नता पूर्वक यह सम्मलेन पूर्ण हुआ |सम्मलेन उपरांत सभी माननीय तथा मनोनीत सदस्यों को प्राचार्य महोदय द्वारा धन्यवाद प्रेषित कर इस परिचर्चा को पूर्णता प्रदान की गई |

" धन्यवाद"